Email: cfbhagi-forest-uk@nic.in
फोन / फैक्स–0135–2431159,

# कार्यालय वन संरक्षक, भागीरथी वृत्त, उत्तराखण्ड, मुनिकीरेती

पत्रांक – 1587 / 12–1 , मुनिकीरेती, दिनांक– 19 / 03 / 2020

सेवा मे,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
भूमि सर्वेक्षण निदेशालय इन्दिरा नगर,
फॉरेस्ट कॉलोनी उत्तराखण्ड देहरादून।

विषय :– **ई0ए0पी0 के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिंलगना में नगर पंचायत चमियाला में पम्पिंग पेयजल योजना हेतु 0.359 हे0 वन भूमि के प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में। (FP/UK/WATER/41575/2019)**

सन्दर्भ :– **आपके कार्यालय द्वारा इंगित ऑनलाईन आपत्ति दिनांक–21.02.2020।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण में आपत्ति इंगित की गयी है कि "The tree details entered by DFO is different from the uploaded by User agency. Discrepancy may be clarified." के क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी द्वारा अवगत कराया गया है कि परियोजना निर्माण से चीड़ प्रजाति के 20–30 से0मी0 व्यासवर्ग के 9 वृक्ष एवं 30–40 से0मी0 व्यासवर्ग के 12 वृक्ष, कुल–21 वृक्ष प्रभावित होना प्रस्तावित है। प्रभावित होने वाले वृक्षों सम्बन्धित सूचनायें / अभिलेख ऑनलाईन पार्ट–I में Additional Information Details के कम संख्या–19 एवं पार्ट–II में Additional Information Details के कम संख्या–6 में अपलोड किया गया है तथा वृक्षों की प्रजाति व संख्या पार्ट–II के कॉलम–4 (ii) में अंकित की गई है, जिनमें कोई भिन्नता नहीं है।

अतः प्रश्नगत प्रकरण पर इंगित कमी के सम्बन्ध में आख्या महोदय की सेवा में सादर प्रेषित।

भवदीय

Joshi

(जीवन चन्द्र जोशी)
वन संरक्षक

संख्या :– / , तददिनांकित।

**प्रतिलिपिः**– प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी को उनके पत्रांक–2075 / 12–1,दि0–16.03.2020 के कम मे सूचनार्थ प्रेषित।

(जीवन चन्द्र जोशी)
वन संरक्षक